शोध सारांश

डॉ० राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना एवं सामाजिक परिवर्तन का अध्ययन : विशेष संदर्भ जिला चंदौली उत्तर प्रदेश

डॉ राम मनोहर लोहिया समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे। ग्रामीण विकास के संदर्भ में उनके विचार बहुत ही प्रेरणा दायक हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने डॉ लोहिया के विचारों से प्रेरणा लेते हुए उनके नाम से ही डॉ राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना प्रदेश में लागू किया है। इस विषय पर अध्ययन के लिए उप्र. के चंदौली जिले के 23 लोहिया गांवों का चयन दैव निदर्शन से किया गया है। इस अध्ययन में अवलोकन प्रविधि का प्रयोग किया गया है। अनुसूची के माध्यम से तथ्यों का संकलन किया गया है। शोध में पाया गया है कि लोहिया गांव के अंतर्गत अधिकतर प्रधानों को डॉ. राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के सभी कार्यक्रमों की जानकारी है। उनमें से ज्यादातर को यह जानकारी समाज कल्याण विभाग के द्वारा मिली है। इस योजना के तहत महिलाओं से जुड़े कार्यक्रमों का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। इस योजना के लागू होने से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता देखने को मिल रही है। आर्थिक सहायता मिलने से लोगों के सामाजिक जीवन में भी परिवर्तन हो रहा है। चयनित लोहिया गांवों के अधिकतर लोगों को स्वयं समूह सहायता, समाजवादी पेंशन योजना, लोहिया आवास, कौशल विकास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, सिलाई मशीन प्रशिक्षण आदि योजनाओं का लाभ मिल रहा है और जो लोग इन योजनाओं के लाभ से वंचित हैं उसके पीछे के कारणों की जांच की जानी चाहिए। ग्राम प्रधान या संबंधित विभाग की कमी हो तो उसे दूर की जानी चाहिए। यदि पात्र लोगों में रुचि का अभाव या जरुरी कागजात की कमी हो तो उन्हें जागरुक किया जाना चाहिए। आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों और बेरोजगार लोगों को मिलने वाली सुविधाओं और प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरुरत है। गांवों में विद्यालयों और स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थिति पर निगरानी रखने की जरुरत है। निष्कर्ष के रुप में कहें तो यह योजना ग्रामीण विकास के लिए बहुत उपयोगी है।

Research Summary

A study on Dr. Ram Manohar Lohia Samagra Vikas Yojna and social change : With reference to Chandauli district of UP

Dr. Rammanohar lohia was a person of socialist ideology. His views are very inspiring in terms of rural development. The uttar Pradesh government, upon the ideas of Dr. lohia ,and his name itself, has implemented Dr. ram manohar lohia samgra gram vikas yojna in up . For the study on this subject,chandauli district of UP of 23 villages has been selected on the basis of random sampling. obgervation method has been used in this study. The compilation of facts has gone through schedule. Research has found that under lohia village,mostly head of the villages are aware of the Dr. ram manohar lohia samgra vukas yojna. Most of the information,they received by the social welfare department or this information has to disseminated by social welfare department among head of the villages.

Women are getting benefits under the scheme of women's programs. Among people are seeing greater awareness re garding hygiene with the implemented of the scheme. Due to financial aid, change is happening in the people's social lifeof people who selected under lohia village, are getting benefits by the self-help group,the samajwadi pension scheme,lohia housing,skills development,old age pension,widow pension, training of sewing machines, and those who are deprived of the benefits of these scheme,the reason should be investigated behind them. If lack of departmental procedure or head of village, must be removed. If lack of interest found among eligible people or lack of relevet documents,they should be aware. Economically disadvantage people and service for unemployed people and traing,special attention is required. Monitor the status of rural schools and health sub-center. In conclusion,as it is very useful for rural development.